## भारत – होंडुरास संबंध

**राजनीतिक**

ग्वाटेमाला स्थितभारतीय दूतावास को समवर्ती रूप से होंडुरास का भी कार्य सौंपा जाता है। होंडुरास की राजधानी तेगुसिगाल्पा में भारत का एक मानद कांसुल जनरल है। होंडुरास ने नई दिल्ली में अपना दूतावास खोलने के लिए अनुमति मांगी है तथा भारत ने विधिवत रूप से यह अनुमति प्रदान कर दी है। अब होंडुरास नई दिल्ली में अपना दूतावास खोलने की प्रक्रिया में है।

**भारत की ओर से यात्रांए :**

अप्रैल, 2015 : विशेष सचिव (एम एम एस और सी पी वी) श्री आर स्वामीनाथन के नेतृत्व में पहले विदेश कार्यालय परामर्श के लिए भारतीय शिष्टमंडल ने होंडुरास का दौरा किया।

**होंडुरास की ओर से यात्राएं :**

अप्रैल, 2008 : होंडुरास के रक्षा मंत्री एरिस्टाइडस मेजिया कैरांजा ने भारत का दौरा किया तथा एक्जिम बैंक और ऋण सहायता के तहत उपकरण की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात की।

जून, 2008 : दूसरी भारत - एस आई सी ए विदेश मंत्री बैठक में भाग लेने के लिए उप विदेश मंत्री एडुआर्डो एनरिक गार्सिया रीना ने भारत का दौरा किया।

जनवरी, 2013 : होंडुरास के कृषि मंत्री जकोबो रेगालाडो ने भारत का दौरा किया तथा कृषि राज्य मंत्री श्री तारिक अनवर, विदेश मंत्रालय में सचिव (ई आर) श्री पिनाक चक्रवर्ती, सचिव (डी ए आर ई) डा. अय्यप्पन से मुलाकात की तथा आई ए आर आई, पूसा का दौरा किया।

फरवरी, 2013 :उप रक्षा मंत्री कार्लोस रोबेटा फुनेस ने बंगलौर में आयोजित ए ई आर ओ इंडिया 2013 में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया।

अक्टूबर, 2014 : आर्थिक विकास मंत्री अल्टेन रिवेरा मोंटेस ने छठवीं भारत – एल ए सी निवेश गोष्ठी में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया।

**द्विपक्षीय करार :**

- 30 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य की ऋण सहायता प्रदान करने के लिए होंडुरास तथा भारत के एक्जिम बैंक के बीच करार पर अगस्त, 2006 में हस्ताक्षर किया गया।

- तेगुसीगाल्पा में एक आईटी केंद्र स्थापित करने के लिए एम ओ यू पर जनवरी, 2008 में हस्ताक्षर किया गया।

- राजनयिक एवं आधिकारिक पासपोर्टों के लिए वीजा से छूट के लिए एक करार

- जून 2008 में दूसरी भारत - एस आई सी ए विदेश मंत्री बैठक के दौरान विदेश कार्यालय परामर्श के लिए एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए गए।

**भारत से व्यापार और अन्य शिष्टमंडल :**

मार्च, 2012 : महाप्रबंधक के नेतृत्व में भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (बी ई एल) की एक तीन सदस्यीय टीम ने बी ई एल द्वारा ऋण सहायता के तहत पहले आपूर्त किए गए उपकरणों की मरम्मत एवं अनुरक्षण से उत्पन्न मुद्दों के नवीकरण के लिए होंडुरास की सफल यात्रा की।

मार्च, 2013 : बी एस एम के लिए प्लास्टिक निर्यात संवर्धन परिषद (प्लेक्सकोंसिल)।

**होंडुरास से व्यापार और अन्य शिष्टमंडल :**

अप्रैल, 2006 : होंडुरास के दो प्रख्यात टूर आपरेटरों ने नई दिल्ली में एल ए सी क्षेत्र के लिए आयोजित पर्यटन कार्यशाला में भाग लिया।

जून, 2007 : होंडुरास के दो प्रतिनिधियों ने हैदराबाद में फार्मा – एल ए सी सम्मेलन में भाग लिया।

मार्च, 2013 : वाणिज्य विभाग के मेजबान क्रेता कार्यक्रम के तहत कोलकाता में आयोजित इंडिया साफ्ट 2013 में भाग लेने के लिए इलेक्ट्रानिक एवं कंप्यूटर साफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद (ई एस सी) द्वारा होंडुरास की कंपनियों से 5 प्रतिनिधियों को चुना गया।

**व्यापार एवं आर्थिक संबंध :**

**भारत -** होंडुरास व्यापार **(**मिलियन अमरीकी डालर में**)**

| वर्ष (अप्रैल - मार्च) | होंडुरास से आयात | होंडुरास को निर्यात | कुल व्यापार | वृद्धि (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|
| 2010-2011 | 1.43 | 63.07 | 64.50 | -8.99 |
| 2011-2012 | 7.77 | 91.66 | 99.43 | 54.15 |
| 2012-2013 | 17.82 | 109.99 | 127.82 | 28.55 |
| 2013-2014 | 22.59 | 107.90 | 130.49 | 2.09 |
| 2014-2015 | 25.31 | 187.56 | 212.87 | 63.14 |
| 2015-2016 (अप्रैल - सितंबर) | 10.11 | 83.60 | | |

(स्रोत : वाणिज्य विभाग - भारत)

**भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली वस्तुएं :** टैनिंग और डाइंग एक्सट्रैक्ट, रबर उत्पाद, लोहा एवं इस्पात, फार्मास्युटिकल, कॉटन आदि।

**भारत द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुएं :** लोहा एवं इस्पात, एल्युमिनियम की वस्तुएं आदि।

2006 से सैन पेड्रो सूला के औद्योगिक शहर में एक भारत - कनाडा संयुक्तउद्यम सिल्क यार्न नीटिंग फैक्ट्री काम कर रही है।

**भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (**आई टी ई सी**)** कार्यक्रम **:**

भारत सरकार ने वर्ष 2015-16 के लिए होंडुरास को आई टी ई सी के 10 स्लॉटों की पेशकश की है।

**ऋण सहायता :** वर्ष 2014 में, भारत ने जमास्ट्रन नदी घाटी सिंचाई परियोजना के लिए 26.5 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण सहायता को अपनी मंजूरी प्रदान की है। होंडुरास सरकार ने 30 मिलियन अमरीकी

डालर की ऋण सहायता के तहत परिवहन, संचार एवं चिकित्सा उपकरण की आपूर्ति के लिए भारतीय कंपनियों को चुना है। अधिकांश उपकरणों का नवप्रेषण पहले ही किया जा चुका है।

**दान :**

- भारत ने वर्ष 1998 में होंडुरास को 3.38 लाख रूपए मूल्य की दवाएं तथा चिकित्सा सामग्री दान में दी।

- वर्ष 2005 में मध्य अमरीका में गंभीर सूखे की स्थिति को देखते हुए भारत सरकार ने अक्टूबर, 2005 में होंडुरास को 10 हजार अमरीकी डालर मूल्य की दवाएं दान में दी।

- भारत सरकार ने नवंबर, 2005 में 26 बजाज थ्री-व्हीलर भी दान में दिए।

**आई टी केन्द्र :**

एसआईसीए देशों में आईटी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने संबंधी भारत सरकार के प्रस्ताव के अंग के रूप में एक आई टी केंद्र स्थापित किया गया है तथा तेगुसीगाल्पा में होंडुरास के राष्ट्रीय स्वायत्त विश्वविद्यालय को सौंप दिया गया है तथा एन आई आई टी के प्रशिक्षकों को छात्रों को 2008 से 2011 के दौरान प्रशिक्षण देने के काम में लगाया गया था।

**सांस्कृतिक**

सितंबर, 2004 : किसी भारतीय मंडली द्वारा पहली बार उस समय अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया गया जब डा. आनंद शंकर जयंत के नेतृत्व में भरतनाट्यम नृत्य मंडली ने होंडुरास में अपनी कला का प्रदर्शन किया।

सितंबर, 2011 : डा. सोनल मानसिंह के नेतृत्व में आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित 8 सदस्यीय नृत्य मंडली ने नोबेल पुरस्कार विजेता डा. रवीन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती के अवसर पर "नायिका" का प्रदर्शन किया।

अक्टूबर, 2011 : श्रीमती सुतपा तालुकदार के नेतृत्व में एक अन्य 15 सदस्यीय ओडिसी नृत्य मंडली ने सबसे प्रतिष्ठित नेशनल थिएटर में 'श्यामा' का प्रदर्शन का किया।

**भारतीय समुदाय**

होंडुरास में शायद ही कोई भारतीय समुदाय है; भारतीयों की संख्या एक दर्जन के आसपास है जिसमें मदर टेरेसा मिशनरी की कुछ सन्यासिनी शामिल हैं।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय दूतावास, ग्वाटेमाला की वेबसाइट :
http://www.indemguatemala.org
भारतीय दूतावास, ग्वाटेमाला का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/EmbajadaIndiaGuatemala
भारतीय दूतावास, ग्वाटेमाला का फेसबुक पेज :
https://twitter.com/IndianEmbassyGT

***

**जनवरी, 2016**